सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{10 आषाढ़ 1936 (श0)}}{\text{1 जुलाई, 2014 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 45**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 12 |
| (2) | माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 14 |
| (3) | अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| (4) | परिवहन विभाग | .. | .. | 04 |
| (5) | पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) | उच्च शिक्षा विभाग | .. | .. | 03 |
| (7) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) | समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 03 |
| (9) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 01 |
| (10) | पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग — | 45 |

निर्माण करना

*31. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बौराहा के ग्राम गोढ़ियारी में प्राथमिक विद्यालय गोढ़ियारी भवन विहीन है, जिससे छात्र तथा शिक्षकों को अध्ययन–अध्यापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*32. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखंड सुगौली में मध्य विद्यालय, भटहाँ के समीप 5 कि0मी0 तक की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं होने के कारण निकटवर्ती छात्र/छात्राओं को उच्च विद्यालय के शिक्षण हेतु कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने का सभी वांछित शर्तें पूरी करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*33. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मोहनपुर को भूमि उपलब्ध है, पर भवन नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विचार करना

*34. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी—दिनांक 26 मई, 2014 को स्थानीय समाचार–पत्र में प्रकाशित शीर्षक "4 साल से 14 करोड़ पड़े हैं, नयी बसें खरीदते क्यों नहीं ?" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की पुरानी बसों की नीलामी करने एवं उसके स्थान पर नयी बसों की खरीदगी नहीं करने के कारण निगम की स्थिति चरमरा गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुरानी बसों की नीलामी से प्राप्त कुल राशि 14 करोड़ रुपये निगम के पास पड़ा हुआ है और नयी बसों की खरीदगी नहीं की जा रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बसों की कमी के कारण निगम के बंद होने की स्थिति उत्पन्न हो गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निगम को क्रियाशील बनाये रखने के लिये नयी बसों की खरीदगी करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारंभ करना

*35. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरलीगंज बालिका आवासीय विद्यालय का भवन का निर्माण वर्ष 2013 में पूरा हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का पठन पाठन कार्य उक्त आवासीय विद्यालय में न होकर दूसरे जगह पर हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवनिर्मित भवन में पठन–पाठन कार्य चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*36. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एप्रोच टू 12वीं पंचवर्षीय प्लान 2012–17 के अनुसार राज्य में स्कूली छात्रों की संख्या एवं राष्ट्रीय मापदंड के अनुसार 2 लाख प्राथमिक विद्यालय के वर्ग कक्ष की आवश्यकता है, यदि हाँ, तो राज्य के स्कूलों में वर्ग कक्ष निर्माण के लिये सरकार की कौन–सी कार्य योजना है ?

---

उपलब्ध कराना

*37. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2012 में निर्णय लिया गया है कि राज्य के प्रत्येक 10+2 विद्यालयों को कम्प्यूटर उपलब्ध कराया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नी सैदपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय मोरसंड, मधौल, तिलकताजपुर आदि उच्च विद्यालयों को अबतक कम्प्यूटर उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालयों को कम्प्यूटर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य योजना बनाना

*38. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि "एप्रोच टू 12वीं पंचवर्षीय प्लान 2012–17" के अनुसार राज्य में अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 7 लाख के अधिक बच्चे स्कूल से बाहर हैं, यदि हाँ, तो उन बच्चों को स्कूल में लाने के लिये कौन–सी कार्य योजना है ?

---

निर्माण करना

*39. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत हवेली खड़गपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत दरियापुर 1 के ग्राम डोढ़ा मुसहरी करीब 350 घरों की बस्ती है जिसमें अधिकांशतः महादलितों की आबादी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा हेतु गाँव में कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण इन महादलितों के बच्चें 3 कि0मी0 दूर शिक्षा ग्रहण करने हेतु जा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लाभ दिलाना

*40. डॉ0 अच्युतानन्द—दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 22 मई, 2014 के अंक में छपी खबर "अधिकारियों की लापरवाही से और कमजोर हुये निःशक्त" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में राज्य के 23 लाख से अधिक निःशक्तों के उत्थान के लिये राज्य में मुख्य मंत्री सामर्थ्य योजना शुरू की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रति वर्ष 5 करोड़ की राशि की उपलब्धता के बाद भी अधिकारियों की लापरवाही के कारण 7 वर्षों में मात्र 54 हजार निःशक्त ही इस योजना से लाभान्वित हो सके हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त योजना के कार्यान्वयन में उदासीनता के लिये दोषियों पर कार्रवाई करते हुये राज्य के सभी निःशक्तों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में योजना का लाभ दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*41. श्री विनय कुमार सिंह —क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर अनुमंडल में कला एवं संस्कृति केन्द्र नहीं है जिससे इस क्षेत्र में कला एवं संस्कृति संबंधी ज्ञान प्राप्त करने हेतु युवाओं को दूर जाना पड़ता है फलस्वरूप आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जिला के सोनपुर अनुमंडल में कला एवं संस्कृति केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*42. श्री रामायण मांझी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायतों में +2 उच्च विद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गुठनी प्रखंड में बलुआ, सोहगरा, बकुलारी, ताली बुजूर्ग, झझउर एवं दरौल प्रखंड में करीभ मध्य विद्यालयों में बच्चों की संख्या काफी अधिक है और +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सभी शर्तें पूरी करती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्कूल खोलना

*43. श्री रामायण माँझी—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत दरौली विधान–सभा के गुठनी, दरौली, आन्दर प्रखंड अंतर्गत विकलांग कल्याण संस्थान, नेत्रहीन एवं मूक बधिर छात्रों के शिक्षा हेतु एक भी स्कूल नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विकलांग नेत्रहीन एवं मूक बधिर छात्रों के शिक्षा हेतु स्कूल खोलवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुदान देना

*44. डॉ० अच्युतानन्द—दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 7 मई, 2014 के अंक में छपी खबर "वित्तरहित कॉलेजों को चार साल से नहीं मिल रहा अनुदान" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 550 वित्तरहित कॉलेजों को सरकार के निर्णय के बाद भी पिछले 5 वर्षों से अनुदान की राशि नहीं दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा अनुदान नहीं मिलने के कारण वित्तरहित कॉलेजों का विकास अवरुद्ध है और शिक्षकों को वेतन का भुगतान भी बन्द है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी वित्तरहित कॉलेजों को सरकारी अनुदान बैकलॉग सहित देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों

---

प्रतिनियुक्त करना

*45. मो० आफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के० नगर प्रखंड के बैद्यनाथ उच्च विद्यालय को वर्ष 2013 में 10+2 में उत्क्रमित किया गया है जिसमें गणित, विज्ञान एवं अन्य विषयों के शिक्षक नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में गणित विज्ञान तथा अन्य विषयों के शिक्षक नहीं होने के कारण छात्र/छात्राओं को पठन–पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में गणित, विज्ञान तथा अन्य विषयों के शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवंटित करना

*46. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी में संचालित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय का वर्ष 2011 में उच्च मा० विद्यालय में उत्क्रमण करने के फलस्वरूप विद्यालय के जीर्णोद्धार एवं आधारभूत संरचना के विकास हेतु माह जनवरी, 2012 में मात्र 7 लाख रुपये आवंटित किया गया है, जो काफी कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2012–13 एवं 2013–14 में अतिरिक्त राशि आवंटित नहीं किये जाने से भवन जीर्णोद्धार एवं आधारभूत संरचना का विकास कार्य अवरुद्ध है, जिससे पठन–पाठन प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के विकास हेतु अतिरिक्त राशि आवंटित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुधार करना

*47. श्री नितिन नवीन—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत संजय गाँधी स्टेडियम का निर्माण आज से 20 साल पूर्व किया गया है जिसमें पटना सहित राज्य के अन्य जिलों के बच्चे प्रतिदिन खेलते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि संजय गाँधी स्टेडियम की स्थिति विगत् 5 वर्षों से अत्यंत खराब है तथा यत्र–तत्र गड्ढा हो गया है जिससे बच्चों को खेलने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम की स्थिति में सुधार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*48. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के पिपरा पंचायत ग्राम मकरीय के बालक प्राथमिक विद्यालय में ग्राउण्ड तथा प्रथम तल का निर्माण कार्य वर्ष 2008–09 में प्रारम्भ हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही कि ग्राउण्ड तल का निर्माण के बाद प्रथम तल का निर्माण कराये बिना सम्पूर्ण राशि का उठाव कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रथम तल का निर्माण कराये बिना राशि उठाव करने वाले प्रधानाध्यापक तथा अनियमितता में संलिप्त पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*49. श्री विक्रम कुँवर—दिनांक 7 फरवरी, 2014 को हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में प्रकाशित "दो करोड़ का धोबीघाट" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित वीर कुँवर आजादी पार्क को विकसित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा तीन वर्ष पूर्व बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि० (बुडको) को जिम्मेदारी दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तीन वर्ष में दो करोड़ रु० लागत लगने के बावजूद बुडको द्वारा पार्क को विकसित नहीं किया गया ;

(3) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा पार्क को धोबीघाट बना दिया गया है, जिसके कारण उद्घाटन पूर्व ही पार्क की स्थिति बदहाल हो गई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार योजना को पूरा नहीं करने तथा पार्क को बदहाल बनाने वाले दोषी पदाधिकारी एवं संवेदक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

निर्माण करना

*50. श्री शालिग्राम यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी विधान–सभा स्थित लोमा गाँव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय का भवन बनकर तैयार है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के चारों तरफ सुरक्षा दीवार का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण पूर्ण करना

*51. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 3 अप्रैल, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''बीत गया समय नहीं हो सका भवन निर्माण'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के उत्क्रमित हाई स्कूल, बरही का भवन निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि अधूरे भवन के कमरों में दरवाजा, खिड़कियाँ तथा कमरों के बाहर एवं भीतर प्लास्टर भी नहीं किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि अधूरे भवन के कारण छात्रों को पढ़ाई-लिखाई में भी कठिनाई हो रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के अधूरे भवन का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*52. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड के मध्य विद्यालय, झौवा (महुआनी) उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सभी मानक पूरा कर रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार झौवा के मध्य विद्यालय, महुआनी को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुधार करना

*53. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 3 अप्रैल, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''आग से महफूज नहीं है स्कूल'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना तथा शिक्षा विभाग, पटना के लिखित निर्देश के आलोक में मधुबनी जिला के सभी प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अग्निशमन यंत्र तीन वर्ष पूर्व लगाया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि जिले में निजी एजेन्सी के द्वारा लगाये गये अग्निशमन यंत्र विद्यालयों में बेकार पड़े हुये हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक वर्ष रिफिलिंग आपूर्तिकर्ता एजेंसी को करना है, जो अभीतक नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निजी एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई कर विद्यालयों में अग्निशमन यंत्र के रख-रखाव में सुधार करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*54. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत प्रखंड सुगौली में मध्य विद्यालय, छपरा बहास के समीप कोई उच्च विद्यालय नहीं है, जिस कारण वहाँ के छात्र/छात्राओं को 5 कि०मी० से अधिक दूरी तय कर उच्च शिक्षण हेतु जाना पड़ता है, जबकि यह विद्यालय उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु वांछित शर्तों को पूरा करता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*55. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत असरगंज प्रखंड के गोरगो, चाखण्ड, बैजलपुर, अमैया, जोरारी, विशनपुर, भतेहरी, मंगरप्पा आदि गाँव की दूरी असरगंज प्रखंड मुख्यालय से 10-12 कि०मी० है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में कोई भी बालिका उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण इन गाँवों के बच्चियों को उच्च शिक्षा हेतु असरगंज जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त किसी भी गाँव में बालिका उच्च विद्यालय का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बस का परिचालन

*56. श्री कृष्णनन्दन पासवान—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के पानापुर रँजिता से भाया हरसिद्धि बाजार, अरेराज धाम, संग्रामपुर, केसरीया, साहेबगंज, वैशाली होते हुये पटना तक परिवहन बस की सुविधा नहीं होने के कारण जनता को बड़ी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पानापुर रँजिता से पटना तक परिवहन बस चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*57. श्री विक्रम कुँवर—दिनांक 4 जून, 2014 को हिन्दी समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''नये रेल ब्रीज को जड़ खोद रहे बालू व्यवसायी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना की दीघा में बन रहे नये ब्रीज के नीचे के बालू नाविक द्वारा खोदे जा रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी, पटना ने दिनांक 31 अक्टूबर, 2013 को अवैध बालू खनन करने वाले नाविकों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दीघा थानाध्यक्ष को दिया था परन्तु नाविकों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आदेश का अवहेलना करने वाला थानाध्यक्ष, दीघा के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*58. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के रोहता उच्च विद्यालय में 1,500 छात्र एवं छात्राएँ अध्ययन करते हैं एवं दशम तक का पठन-पाठन करते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के 8 कि०मी० के दायरे में कोई 10+2 स्कूल नहीं है जिसके कारण प्रखंड के छात्र एवं छात्राओं को 10+2 की पढ़ाई करने में कठिनाई होती है, जबकि रोहता उच्च विद्यालय को 10+2 में उत्क्रमित करने हेतु भूमि, भवन आदि सभी उपलब्ध हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय को 10+2 में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*59. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय, ओलीपुर एवं मध्य विद्यालय, मेहसौल के तीन कि०मी० के दायरे में कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय, ओलीपुर एवं मध्य विद्यालय, मेहसौल उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करते हुये सभी अर्हता पूर्ण करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*60. श्री नितिन नवीन—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''यूनिवर्सिटी को अपना कैम्पस तक नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के भोजपुर जिला (आरा) में स्थित वीर कुँवर सिंह यूनिवर्सिटी एवं मधेपुरा जिला स्थित मधेपुरा बी०एन० मंडल यूनिवर्सिटी के पास स्थापना के 25 वर्ष से आजतक अपना कैम्पस नहीं है और नहीं रेगुलर स्टाफ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों यूनिवर्सिटी के विकास के लिये कबतक आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*61. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के हिलसा प्रखण्ड के रेढ़ी पंचायत में प्राथमिक विद्यालय, रसलपुर का भवन अत्यन्त जर्जर है तथा कमरों का भी अभाव है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन की मरम्मती एवं नये कमरों का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण पूर्ण करना

*62. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सहसौल पंचायत के अगमा मध्य विद्यालय का भवन निर्माण कराने हेतु सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 में 10 लाख रुपया विद्यालय कोष में आवंटित किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा अधूरा भवन निर्माण कराकर सारी राशि का निकासी वर्ष 2012 में कर लिया गया फलस्वरूप आज भी भवन अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रधानाध्यापक द्वारा गबन की गई राशि को सरकारी कोष में जमा कराते हुये दोषी प्रधानाध्यापक को दंडित करने एवं अधूरे भवन का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*63. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में किशोर न्याय परिषद् व्यवहार न्यायालय, सासाराम के कार्यालय परिसर के अन्तर्गत मात्र एक छोटा सा कमरा में विगत् 10 वर्षों से संचालित हो रहा है, जिससे लोगों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार किशोर न्याय परिषद् के लिये पृथक कार्यालय भवन एवं आधाभूत संरचना उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*64. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत जगन्नाथ महाविद्यालय चंदौली, डा० भीमराव अम्बेदकर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर का अंगीभूत महाविद्यालय है जिसमें एक हजार छात्र-छात्राएँ पठन-पाठन करते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय के पास 20 एकड़ जमीन है जिसमें मात्र चार कमरा है जो जर्जर है एवं चहारदीवारी भी नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में कमरा की मरम्मती चहारदीवारी एवं अतिरिक्त कमरा का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति करना

*65. श्री मंजीत कुमार सिंह--दिनांक 14 मई, 2014 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित ''60 हजार स्कूलों में नहीं है नियमित हेडमास्टर'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के 73 हजार प्रारंभिक स्कूलों में से 60 हजार स्कूलों में प्रधानाध्यापक के स्थान पर प्रभारी शिक्षक से काम लिया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में अभी नियमित वेतनमान वाले शिक्षकों की संख्या करीब 85 हजार है, फिर भी नियमित प्रोन्नति के माध्यम से प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी प्राथमिक विद्यालयों में नियमित शिक्षकों की प्रोन्नति के माध्यम से प्रधानाध्यापक नियुक्ति करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*66. श्री मंजीत कुमार सिंह  क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि समाहर्ता गोपालगंज ने पत्रांक 756, दिनांक 30 मार्च, 2012 द्वारा निदेशक कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना को गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के महुआ थाना नं० 350, खाता नं० 67,162,334, खेसरा नं० 2346,2347,2348 रकबा 00-07-00, 01-09-01,01-00-16, 02-16-17 में एवं सिंधवलिया राम मनोहर लोहिया विद्यालय, टेकनिवास में खेल मैदान स्टेडियम के निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता संबंधी प्रतिवेदन भेजी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर एवं सिंधवलिया में स्टेडियम नहीं है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिंधवलिया एवं बैकुण्ठपुर में स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

स्थापित करना

*67. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखण्ड के पंचायत ढोढा के ग्राम दुलारपुर, बेलाबाद, लक्ष्मीपुर तथा पंचायत बेलखुण्डा के ग्राम भोजपुर एवं पंचायत धेवधा के ग्राम उत्तरी रजवरिया, दक्षिणी रजवरिया तथा छोटकी महुहल में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जिससे उक्त ग्रामों के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा भी नहीं मिल पाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में प्राथमिक विद्यालय स्थापित करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*68. श्रीमती सुनीता सिंह- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड के चंदौली कॉलेज में स्टेडियम वर्ष 2009 में बनाने हेतु स्वीकृत हुआ, परन्तु विभागीय लापरवाही के कारण अभीतक कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतक उक्त स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियंत्रित करना

*69. श्री संजय सिंह टाईगर- स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 21 अप्रील, 2014 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''हमारी सांसों को कम कर रहा है गाड़ियों का धुआँ'' के आलोक में क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पटना में आर० एस० पी० एम० (हवा में मौजूद बेहद सूक्ष्म कणों) की मात्रा तय मानक से तीगुनी होने के कारण एक्यूट ब्रोंकाइटिस तथा एलर्जिक ब्रोंकाइटिस के मामले ज्यादा बढ़ गये हैं, जो कालान्तर में लंग्स कैंसर और हार्ट अटैक के वजह बनते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि आर० एस० पी० एम० बढ़ने का मुख्य कारण प्रदूषण है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजधानी पटना में वाहनों, अस्पतालों के कचरों तथा अन्य कारणों से हो रहे प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु कारगर कदम उठाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*70. श्री प्रदीप कुमार --क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखण्ड काशीचक से पटना तक राज्य पथ परिवहन निगम की बस नहीं चलती है, जिससे काशीचक के आम नागरिकों को पटना आने-जाने में काफी परेशानी होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार काशीचक से पटना तक राज्य पथ परिवहन की बस चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रारंभ करना

*71. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग व्यवसायिक एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान के अधीन संचालित कोर्स यथा इंजीनियरिंग/मेडिकल/विधि/प्रबंधन तथा अन्य समकक्ष कोर्स के लिये राज्य के बाहर पढ़ने वाले पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग के गरीब ''मेधावी'' छात्रों को वर्ष 2000 से ही प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति देती थी जिससे प्रतिवर्ष 90,000 से लेकर 1 लाख छात्र-छात्राएँ लाभान्वित होते थे;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 से राज्य के बाहर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति बंद कर दी गई है जिसके कारण राज्य के हजारों छात्रों को पठन-पाठन में समस्या उत्पन्न हो गई है, जिसके कारण उन्हें पढ़ाई बीच में ही छोड़कर राज्य लौटना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुन: राज्य के बाहर पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रारम्भ करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*72. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत उत्तरी कांटाकोस ग्राम पंचायत के साथ-साथ लगे वनगावाँ और बिसनपुर गाँवों की आबादी 1,500 से अधिक है और वहाँ प्राथमिक विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उन दोनों गाँवों से अम्बाडीहा प्राथमिक विद्यालय 4 कि०मी०, मध्य विद्यालय, मुंजवर 4 कि०मी०, मध्य विद्यालय, गुआगाछी 8 कि०मी० दूर है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वनगाँवा में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*73. श्री कृष्णनन्दन पासवान—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के प्रजापति उच्च विद्यालय, कनछेदवा में चहारदीवारी नहीं होने के कारण बच्चों के पठन-पाठन में काफी असुविधा होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय के तीन तरफ से पक्की सड़क पर आवागमन होने के कारण बच्चे असुरक्षित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी के निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*74. श्री रामेश्वर प्रसाद—दिनांक 2 मार्च, 2014 के दैनिक समाचार-पत्र में छपे ''गार्ड लगा नियम तोड़ रहे टेम्पो'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मोटरयान अधिनियम, 1988 में उपबंध 191 अनुसार वाहन में ऐसा परिवर्तन वर्जित है, जिससे सार्वजनिक समस्या हो;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना के अनेकों टेम्पो चालक द्वारा अपने टेम्पो में सेफ गार्ड लगा लिया गया है, जिससे सड़क पर चलने वाले कार-जीप में रगड़ के कारण दुर्घटना हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजधानी पटना के सारे टेम्पो को जाँच कराकर खतरनाक सेफ गार्ड को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्त करना

*75. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत मधेपुर प्रखंड के तरडीहा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बोचही विगत 5 वर्षों से मात्र एक शिक्षक के सहारे चल रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

पटना:
दिनांक 01 जुलाई, 2014 (ई०)।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

---

बि०स०मु० (एल०ए०), 32 डी०टी०पी०-450